**7.1.9 Sensitization of students and employees of the Institution to the constitutional obligations: values, rights, duties and responsibilities of citizens.**

# Orientation Programme











# Code of Conduct for Student

E-mail:gdcbilaspur2011@gmail.com

## राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर

जनपद-रामपुर (उ०प्र०)

### महाविद्यालय हेतु आचार संहिता

1. महाविद्यालय के छात्र/छात्राएँ महाविद्यालय की अचार संहिता का पूर्णतः पालन करेंगे।
2. महाविद्यालय के छात्र/छात्राएँ पूर्णतः अनुशासन में रहेंगे।
3. महाविद्यालय में समस्त छात्र–छात्राएँ अपना परिचय पत्र अवश्य साथ लाएँ।
4. छात्र/छात्राओं के परिधान पूर्ण रूप से सभ्य होना चाहिए।
5. छात्र/छात्राएँ नियमित रूप से अपनी कक्षाओं में उपस्थित रहेंगे।
6. छात्र/छात्राएँ शैक्षणिक कार्यों के अतिरिक्त शिक्षणेत्तर गतिविधियों में भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे जिससे कि उनके व्यक्तित्व का सर्वागीण विकास हो सकें।
7. छात्र/छात्राएँ, प्राचार्य, प्राध्यापकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के प्रति सम्मान जनक तथा सोहार्दपूर्ण व्यवहार करेंगे।
8. महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं की कक्षाओं में 75% उपस्थिति अनिवार्य है।
9. महाविद्यालय की सार्वजनिक सम्पत्तियों की पूर्ण रूप से सुरक्षा करेंगे। सार्वजनिक संपत्तियों को क्षति पहुँचाने पर नियमपूर्वक दंडात्मक कार्रवाई होगी।
10. महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ, निर्मल, पॉलोथीन मुक्त, प्रदूषणमुक्त तथा हरा–भरा बनाये रखने में सहयोग करेंगे।
11. महाविद्यालय परिसर में छात्र/छात्राएँ अपने साथ कीमती सामान न लायें।
12. महाविद्यालय परिसर में पूर्ण शांति व्यवस्था तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने में सहयोग प्रदान करेंगे।
13. महाविद्यालय परिसर में छात्र–छात्राएँ अपने निजी समान की सुरक्षा स्वयं करेंगे।
14. महाविद्यालय प्रशासन द्वारा बनाये गये नियम तथा निर्देशों का छात्र–छात्राएँ पूर्णतः पालन करें।
15. महाविद्यालय में रैगिंग पूर्णतः वर्जित एवं दंडनीय है।
16. महाविद्यालय परिसर में मादक पदार्थों का सेवन पूर्णतः वर्जित है।
17. महाविद्यालय में छात्र/छात्राएँ बिद्युत, जल एवं अन्य किसी भी चीज का दुरूपयोग न करें।

## Govt. Degree College, Bilaspur (Rampur) U.P.

**(Internal Quality Assurance Cell.)**

**CODE OF CONDUCT FOR STUDENTS**

1. Every student shall wear clean, neat and formal dress, fitted to our culture and tradition.
2. During class hours a student cannot go out of the classroom without the permission of the teacher concerned. Students who violate this rule will have to face disciplinary action.
3. The college expects students of both sexes to foster a healthy and decent relationship both on campus and of campus. The very spirit of co-education lies in facilitating such a relationship. Any behaviour contrary to this sprit is deemed unlawful and punishable.
4. When a teacher enters the classrooms, the students should raise and keep standing until they are asked to sit or until the teacher takes his/her seat.
5. Late comers are forbidden from entering the classrooms.
6. Students shall move from one classroom to another or get out of the classroom in an orderly manner, without making any noise.
7. Defacing the blackboards of walls will be severely dealt with.
8. Students should handle the furniture and other properties with care. Damage to the furniture will lead to penalty or suspension from college.
9. Students should stay away from any anti social activities.
10. Students should stay wear their identity cards inside the campus daily.
11. Ragging in any form is a serious offence and it will be dealt with severely.
12. Damage fee will be collected for any damage caused by them knowingly or unknowingly.
13. Visitors are not allowed to meet the students in the classrooms.
14. Students should take care of their belongings. The institution will not be responsible for any loss.

# Special Camp

































राष्ट्रीय सेवा योजना, बिलासपुर इकाई
आपका हार्दिक स्वागत करता है


राष्ट्रीय सेवा योजना, बिलासपुर इकाई
आपका हार्दिक स्वागत करता है
कार्यक्रम अधिकारी
डॉ. शिवओम शर्मा


आपका हार्दिक स्वागत करता है
कार्यक्रम अधिकारी
डॉ. शिवओम शर्मा


राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर)
राष्ट्रीय सेवा योजना, बिलासपुर इकाई
आपका हार्दिक स्वागत करता है
कार्यक्रम अधिकारी
डॉ. शिवओम शर्मा


प्राचार्य/संरक्षक
प्रो॰ (डॉ॰) आर॰पी॰ यादव
कार्यक्रम अधिकारी
डॉ॰ शिवओम शर्मा


आपका हार्दिक स्वागत करता है
प्राचार्य/संरक्षक
प्रो॰ (डॉ॰) आर॰पी॰ यादव
कार्यक्रम अधिकारी
डॉ॰ शिवओम शर्मा

# Special Days Celebrate

## संविधान दिवस

07-12-2019

संविधान की 70 वीं वर्षगाँठ के राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान के अन्तर्गत संविधान की प्रस्तावना में निहित शब्दों के निहितार्थ पर हिन्दी विभाग द्वारा एक व्याख्यान आयोजित किया गया।

हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित व्याख्यान श्रृंखला में बोलते हुये प्रो० इन्दुभूषण महापात्र ने कहा कि हमारा देश 15 अगस्त सन् 1947 को आज़ाद हुआ और हमारे देश का संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। भारतीय संविधान की प्रस्तावना में सम्प्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य, समाजवाद, धर्मनिरपेक्ष एवं पंथ-निरपेक्ष आदि शब्द वर्णित है।

कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभाग के प्रभारी डॉ० अब्दुल लतीफ ने किया। कार्यक्रम में डॉ० नीलिमा सिंह, डॉ० हेमन्त कुमार, डॉ० शिवओम शर्मा, डॉ० दिव्यांशु कुमार, डॉ० वन्दना राठौर सहित महाविद्यालय के छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।




### संविधान दिवस

दिनांक 26.11.2019 को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में IQAC के तत्वावधान में ''संविधान दिवस'' बड़ी धूम–धाम से मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० (डॉ0) आर0पी0 यादव द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का संविधान दिवस पर सभी छात्र/छात्राओं को सीधा प्रसारण दिखाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में पधारे अधिवक्ता श्री राजेश कुमार सैनी तथा श्री शिवकुमार गुप्ता ने भारतीय कानून व्यवस्था एवं संविधान के बारे में सभी छात्र/छात्राओं को जानकारी दी तथा अधिवक्ता श्री राजेश शर्मा तथा अधिवक्ता ओमप्रकाश यादव ने भी सभी छात्र/छात्राओं को संविधान की जानकारी दी। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रो0 डॉ0 पी0के0 गर्ग तथा डॉ0 आई0वी0 महापात्र ने सभी छात्र/छात्राओं को एक जुट रहने तथा आपस में भेद–भाव न करते हुए प्रेम भाव से रहने को कहा एवं संविधान के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय में एक निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया तथा सेवा योजना पोर्टल पर फाईनल ईयर के सभी छात्र/छात्राओं का पंजीकरण कराया गया। कार्यक्रम के अन्त में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0पी0 यादव ने सभी आगन्तुकों एवं समस्त छात्र/छात्राओं का हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ० शिवओम शर्मा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापित कार्यक्रम समन्वयक डॉ0 निशा वर्मा ने किया।

E-mail:gdcbilaspur2011@gmail.com

**राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर**

जनपद-रामपुर (उ0प्र0)

दिनांक: 28.11.2019

**संविधान की प्रस्तावना में निहित आशय कि संविधान के अधिकार का श्रोत भारत के लोगों के साथ निहित है, पर विचार विमर्श**

आज दिनांक 28.11.2019 को राजकीय महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर) में संविधान दिवस कार्यक्रम श्रृखंला के अन्तर्गत महाविद्यालय में "संविधान की प्रस्तावना में निहित आश्य कि संविधान के अधिकार का श्रोत भारत के लोगों के साथ निहित है" के गहन अर्थ पर शिक्षकों द्वारा छात्र/छात्राओं के साथ विचार–विमर्श किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में उपस्थित सभी प्राध्यापकगण डॉ0 आई0वी0 महापात्र, डॉ0 हेमन्त कुमार, डॉ0 शिवओम शर्मा और डॉ0 दिव्यांशु कुमार सिंह ने अपने–अपने विचार व्यक्त किये। महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 वन्दना राठौर ने किया। उक्त कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

28.11.19

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
बिलासपुर–रामपुर।

27/11/2019



संविधान दिवस कार्यक्रम -
दिनांक - 27/11/2019
स्लोगन चार्ट/नारों के साथ प्रभात फेरी का आयोजन

27/11/2019





संविधान दिवस कार्यक्रम -
दिनांक - 27/11/2019
स्लोगन चार्ट/नारों के साथ प्रभात फेरी का आयोजन

28.11.2019



संविधान दिवस कार्यक्रम




दिनांक - 29/12/2019

आज दिनांक 29 नवंबर 2019 को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर रामपुर में संविधान दिवस कार्यक्रम श्रृंखला के अन्तर्गत महाविद्यालय में छात्र एवं छात्राओं को "संविधान की प्रस्तावना में की गयी घोषणा कि भारत एक समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक तथा गणतंत्र राष्ट्र है" पर शिक्षकों ने छात्र एवं छात्राओं के साथ विचार विमर्श किया।





दिनांक - 29/12/2019





दिनांक - 02/12/2019

संविधान की प्रस्तावना एवम् उनके गहन अर्थों पर छात्र-छात्राओं के साथ विचार विमर्श

आज दिनांक 2/12/2019 को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में संविधान दिवस कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत, संविधान की प्रस्तावना एवम् उनके गहन अर्थों पर छात्र छात्राओं से विचार विमर्श किया गया इस अवसर पर डॉ अवतार दीक्षित ने छात्र-छात्राओं को संविधान की प्रस्तावना एवम् उनके गहन अर्थों को विस्तार पूर्वक बताया। श्री मती नरवन्त कौर, जिला संगठन आयुक्त, श्री प्रेमपाल जी जिला प्रशिक्षक स्काउट गाइड, रामपुर ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन डॉ निशा वर्मा ने किया।

डॉ निशा वर्मा
डा अवतार दीक्षित

---

दिनांक - 04/12/2019

संविधान की प्रस्तावना मे समाजवादी शब्द का निहितार्थ पर चर्चा।

आज दिनांक 04/12/2019 को महाविद्यालय मे संविधान की प्रस्तावना मे समाजवादी शब्द का निहितार्थ पर चर्चा की गई। इस अवसर पर डॉ आई वी महापात्र, डॉ पी के गर्ग, डॉ अवतार दीक्षित, डॉ नीलिमा सिंह जिला संगठन आयुक्त स्काउट गाइड श्री मती नरवन्त कौर, जिला प्रशिक्षक श्री प्रेम पाल जी ने संविधान की प्रस्तावना मे समाजवादी शब्द का निहितार्थ को छात्र-छात्राओं को बताया एवम् अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर डॉ हेमन्त कुमार, डॉ नीत बिहारी लाल, डा अब्दुल लतीफ डा वन्दना राठौर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ निशा वर्मा ने किया

डॉ निशा वर्मा
डॉ अवतार दीक्षित

---

दिनांक - 30/11/2019

"संविधान की प्रस्तावना में निहित भावना कि न्याय, स्वतंत्रता, ~~धर्म निरपेक्ष~~, समानता को संविधान सुरक्षित करता है तथा राष्ट्र को एकता और अखण्डता को बनाये रखने के लिये भाई चारे को बढावा देता है" के गहन अर्थ पर शिक्षको द्वारा छात्र-छात्राओं के साथ विचार विमर्श।

आज दिनांक 30/11/2019 को संविधान कार्यक्रम श्रृंखला मे छात्र-छात्राओं के साथ विचार विमर्श किया गया जिसका शीर्षक था "संविधान की प्रस्तावना मे निहित भावना कि न्याय, स्वतन्त्रता समानता को संविधान सुरक्षित करता है तथा राष्ट्र की एकता और अखण्डता को बनाये रखने के लिये भाई चारे को बढावा देता है डॉ पी के गर्ग ने "संविधान की प्रस्तावना मे निहित भावना कि न्याय, स्वतन्त्रता, समानता को संविधान सुरक्षित करता है" पर प्रकाश डाला तथा डॉ आई वी महापात्र ने एकता अखण्डता एवम् भाई चारे को बनाये रखने का आवाहन किया, इस अवसर पर डॉ हेमन्त कुमार तथा डॉ दिव्याशु कुमार सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

डॉ दिव्याशु कुमार सिंह

---

दिनांक - 29/11/2019

संविधान की प्रस्तावना में की गयी घोषणा कि भारत एक समाजवादी, धर्म निरपेक्ष, लोकतांत्रिक और गणतन्त्र राष्ट्र है, पर शिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं के साथ विचार विमर्श।

आज दिनांक 29/11/2019 को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर (रामपुर) में संविधान दिवस कार्यक्रम श्रृंखला के अन्तर्गत "संविधान की प्रस्तावना में की गई घोषणा कि भारत एक समाजवादी, धर्म निरपेक्ष, लोकतांत्रिक और गणतन्त्र राष्ट्र है", पर शिक्षको द्वारा छात्र-छात्राओं के साथ विचार विमर्श किया गया। डॉ आई बी महापात्र ने छात्र-छात्राओं को धर्मनिरपेक्षता, लोकतांत्रिक और गणतन्त्र राष्ट्र के आशय को विस्तार पूर्वक बताया। डॉ हेमन्त कुमार ने भी इस विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये। इस अवसर पर डॉ आई बी महापात्र, डॉ निशा वर्मा, डॉ हेमन्त कुमार, डॉ वन्दना राठौर एवम् डॉ दिव्यांशु कुमार सिंह उपस्थित रहे।

डॉ निशा वर्मा
डॉ हेमन्त कुमार

---

दिनांक - 28/11/2019

संविधान की प्रस्तावना मे निहित आशय कि संविधान के अधिकार का श्रोत भारत के लोगों के साथ निहित है, पर विचार विमर्श।

आज दिनांक 28/11/2019 को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर (रामपुर) मे संविधान दिवस कार्यक्रम श्रृंखला के अन्तर्गत महाविद्यालय मे "संविधान की प्रस्तावना मे निहित आशय कि संविधान के अधिकार का श्रोत भारत के लोगों के साथ निहित है" के गहन अर्थ पर शिक्षको द्वारा छात्र-छात्राओं के साथ विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय मे उपस्थित सभी प्राध्यापक गण डॉ आई वी महापात्र, डॉ हेमन्त कुमार डा शिव ओम शर्मा और डॉ दिव्यांशु कुमार सिंह ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन डॉ वन्दना राठौर ने किया उक्त कार्यक्रम मे छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया।

डॉ वन्दना राठौर

---

E-mail:gdcbilaspur2011@gmail.com

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर

जनपद-रामपुर (उ0प्र0)

दिनांक: 28.11.2019

**संविधान की प्रस्तावना में निहित आशय कि संविधान के अधिकार का श्रोत भारत के लोगों के साथ निहित है, पर विचार विमर्श**

आज दिनांक 28.11.2019 को राजकीय महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर) में संविधान दिवस कार्यक्रम श्रृखंला के अन्तर्गत महाविद्यालय में "संविधान की प्रस्तावना में निहित आश्य कि संविधान के अधिकार का श्रोत भारत के लोगों के साथ निहित है" के गहन अर्थ पर शिक्षकों द्वारा छात्र/छात्राओं के साथ विचार–विमर्श किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में उपस्थित सभी प्राध्यापकगण डॉ0 आई0वी0 महापात्र, डॉ0 हेमन्त कुमार, डॉ0 शिवओम शर्मा और डॉ0 दिव्यांशु कुमार सिंह ने अपने–अपने विचार व्यक्त किये। महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 वन्दना राठौर ने किया। उक्त कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
बिलासपुर–रामपुर।

E-mail:gdcbilaspur2011@gmail.com

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर

जनपद-रामपुर (उ0प्र0)

दिनांक: 10.12.2019

## प्रेस–विज्ञप्ति

आज दिनांक 10.12.2019 को राजकीय महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर) में संविधान की 70वीं वर्षगांठ पर, जन्तु विज्ञान विभाग द्वारा वाद–विवाद प्रतियोगिता आयोजित को गई। जिसका शीर्षक **भारत में पर्याप्त वन्यजीव की व्यवस्था है।** इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 आर0पी0 यादव और वरिष्ठ प्राध्यापकगण डॉ0 आई0वी0 महापात्र सर, डॉ0 पी0के0 गर्ग, डॉ0 नीलिमा सिंह, डॉ0 अब्दुल लतीफ, डॉ0 निशा वर्मा, डॉ0 अवतार दीक्षित, डॉ0 शिवओम शर्मा और डॉ0 दिव्यांशु कुमार सिंह उपस्थित रहे। छात्र/छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और रंगोली तिवारी (बी0एस0सी0 तृतीय वर्ष) प्रथम स्थान, गुरप्रीत कौर (बी0एस0सी0 द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान और मौ0 रिजवान (बी0एस0सी0 तृतीय वर्ष) तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 वन्दना राठौर ने किया।

10/12/19

डॉ0 वन्दना राठौर
प्रभारी

E-mail:gdcbilaspur2011@gmail.com

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर

जनपद-रामपुर (उ0प्र0)

दिनांक: 11.12.2019


## प्रेस–विज्ञप्ति

आज दिनांक 10.12.2019 को राजकीय महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर) में संविधान की 70वीं वर्षगांठ पर, जन्तु विज्ञान विभाग द्वारा वाद–विवाद प्रतियोगिता आयोजित को गई। जिसका शीर्षक **"वन्यजीव एवं उनका संरक्षण"** इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 आर0पी0 यादव और वरिष्ठ प्राध्यापकगण डॉ0 आई0वी0 महापात्र सर, डॉ0 पी0के0 गर्ग, डॉ0 नीलिमा सिंह, डॉ0 अब्दुल लतीफ, डॉ0 निशा वर्मा, डॉ0 अवतार दीक्षित, डॉ0 शिवओम शर्मा और डॉ0 दिव्यांशु कुमार सिंह उपस्थित रहे। छात्र/छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और रंगोली तिवारी (बी0एस0सी0 तृतीय वर्ष) प्रथम स्थान, गुरप्रीत कौर (बी0एस0सी0 द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान और मौ0 रिजवान (बी0एस0सी0 तृतीय वर्ष) तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 वन्दना राठौर ने किया।

डॉ0 वन्दना राठौर
प्रभारी

दिनांक - 10/12/2019 (वाद विवाद प्रतियोगिता)
वन्य जीव एवम् उनका संरक्षण





दिनांक - 10/12/2019 (वाद-विवाद प्रतियोगिता)
"वन्य जीव एवम् उनका संरक्षण"





# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर

जनपद-रामपुर (उ0प्र0)

दिनांकः 25.12.2018

प्रेस–विज्ञप्ति

सेवा में,

सम्पादक महोदय,

दैनिक.............................

आज **दिनांक 25.12.2018** को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर, रामपुर में भारत रत्न माननीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की 95वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश शासन के मंशानुरूप मनाई जा रही जयन्ती समारोह के दूसरे दिन सर्वप्रथम माननीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्र पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त प्राध्यापकगणों के द्वारा पुष्प अर्पित कर समारोह के दूसरे सत्र का शुभारम्भ किया गया। समारोह के दूसरे सत्र के अन्तर्गत निबन्ध प्रतियोगिता एवं कविता पाठ प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। निबन्ध प्रतियोगिता में विविध प्रतिभागियों में से रंगोली तिवारी, बी0एससी0 II को प्रथम, साजिदा, बी0ए0 III को द्वितीय तथा राशिदा, बी0एससी I को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। वहीं कविता पाठ प्रतियोगिता में अमान खांन, एम0कॉम अन्तिम वर्ष को प्रथम, विरेन्द्र कुमार, बी0कॉम III को द्वितीय तथा अर्शदीप कौर, बी0एससी0 I को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। निबन्ध प्रतियोगिता का शीर्षक **"भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व"** था। वहीं कविता पाठ में प्रतिभागियों ने श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी द्वारा रचित कविताओं एवं उनके जीवन के व्यक्त्तिव एवं कृतित्व पर आधारित प्रतिभागियों द्वारा स्वरचित कविताओं का पाठ किया गया। प्रतिस्पर्धाओं के बाद महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगणों ने भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को याद कर उन्हें कोटि–कोटि नमन किया गया। जयन्ती समारोह के इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों में मुख्य रूप से डॉ0 पी0के0 गर्ग, डॉ0 आई0वी0 महापात्र, डॉ0 बी0 नाज़, डॉ0 नीलिमा सिंह, डॉ0 विजय तिवारी, डॉ0 हेमन्त कुमार उपस्थित रहे तथा कर्मचारीगणों में मुख्य रूप से श्री पृथी सिंह, गिरीश बाबू, मनोज कुमार एवं भूपेन्द्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 एम0ए0 गौरी एवं संचालन डॉ0 निशा वर्मा व श्री दिव्यांशु कुमार सिंह जी द्वारा किया गया।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर
रामपुर।

---

राजकीय महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर)
दिनांक - 26/12/2018.

आयोजन — कस्बा क्षेत्रों में भी विभिन्न कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

## कविता प्रतियोगिता में छात्रों ने दी अटल को श्रद्धांजली

---

E-mail:gdcbilaspur2011@gmail.com

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर

जनपद-रामपुर (उ0प्र0)

पत्रांकः **372**/2019–20

दिनांकः 24.12.2019

सेवा में,

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
बरेली।

**विषयः–** **भारत रत्न माननीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म दिवस सामरोह के सम्बन्ध में।**

महोदय,

आपके पत्रांक क्षे0का0ब0/10575/2019–20 दिनांक 21.12.2019 के अनुपालन में आपको सादर अवगत कराना है कि राजकीय महाविद्यालय, बिलासपुर में भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारम्भ प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0पी0 यादव द्वारा भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। तत्पश्चात् शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवम् छात्र–छात्राओं द्वारा श्रद्धांसुमन आर्पित किये गये। समारोह में भाषण, निबन्ध एवम् कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता का शीर्षक था "श्री अटल बिहारी वाजपेयी एक महान व्यक्तित्व" भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रंगोली तिवारी, (बी0एस0सी0 तृतीय) द्वितीय स्थान पर वंश सक्सेना, (बी0एस0सी0 प्रथम) तृतीय स्थान पर नागेन्द्र गंगवार (बी0कॉम0 प्रथम) रहे। कविता पाठ प्रतियोगिता में रंगोली तिवारी (बी0एस0सी0 तृतीय), ने प्रथम स्थान, कु0 स्वाति (बी0एस0सी0 तृतीय) ने द्वितीय स्थान तथा कु0 आयुषी सक्सेना (बी0कॉम0 प्रथम) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबन्ध प्रतियोगिता, शीर्षक "अटल जी राजनेता, सर्वमान्य व्यक्ति एवम् साहित्यकार" विषय पर रंगोली तिवारी (बी0एस0सी0 तृतीय) प्रथम स्थान पर रही, चेतना कुरूवंशी (बी0एस0सी0 तृतीय) द्वितीय स्थान पर रही, कु0 लक्ष्मी (बी0ए0 द्वितीय) तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं द्वारा भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के व्यक्तित्व, राजनैतिक जीवन तथा उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की व्यक्तिगत छवि एवम् कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। जयन्ती समारोह के इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवम् शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0पी0 यादव द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 निशा वर्मा ने किया।

**संलग्नकः–**
आयोजित समारोह की फोटो।

संयोजक

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
बिलासपुर–रामपुर।

---

दिनांकः 23.12.2019

# राजकीय महाविद्यालय, बिलासपुर, रामपुर (उ0प्र0)

## आवश्यक सूचना

**महाविद्यालय में भारत रत्न मा0 अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 24.12.2019 को निम्नलिखित प्रतियोगितायें आयोजित की जायेंगी। इच्छुक प्रतिभागी अपना नाम डॉ0 निशा वर्मा के पास लिखवा दें।**

1- भाषण प्रतियोगिता (अटल बिहारी वाजपेयी एक महान व्यक्तित्व)

2- निबन्ध प्रतियोगिता (अटल जी राजनेता, सर्वमान्य व्यक्ति एवम् साहित्यकार).

3- कविता पाठ प्रतियोगिता (अटल जी की कवितायें)

प्रो0 (डॉ0) आर0पी0 यादव
प्राचार्य

---

## भारत रत्न माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जन्म दिवस

अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के पत्रांक संख्या 5706(1)/सत्तर–3–2020 दिनांक 17 दिसम्बर 2020 के अनुपालन में महाविद्यालय में दिनांक 21 से 25 दिसम्बर 2020 को राष्ट्र निर्माण के पुरोधा देश के लब्ध प्रतिष्ठित हिन्दी कवि, पत्रकार व एक प्रखर वक्ता भारत रत्न माननीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के उपलक्ष्म में ऑनलाइन निबन्ध प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबन्ध प्रतियोगिता का विषय था **व्यक्ति के जीवन में धर्म एवं राष्ट्र की भूमिका।** इस प्रतियोगिता में अजय यादव एवं प्रतिभा मौर्या प्रथम स्थान, अरीशा बेग़ द्वितीय स्थान एवं इकरा बी और रंगोली तिवारी ने संयुक्त रूप में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रेसविज्ञप्ति

दिनांक - 20 जुलाई 18

स्थानीय संवाददाता -

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर, रामपुर में 16 से 22 जुलाई के मध्य भूजल सप्ताह ~~का~~ मनाया गया। जिसमें आज दिनांक 20 जुलाई 2018 को एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में भूगर्भ जल सम्पदा के महत्व एवम् जागरूकता के संदर्भ में छात्र-छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किये। बी॰ एस सी॰ द्वितीय वर्ष के छात्र रिजवान ने रेन वाटर हारवेस्टिंग के बारे में बताया। महाविद्यालय के प्राध्यापक वर्ग में डॉ॰ पी॰ के॰ गर्ग, डा॰ वी नाज़, डॉ नीलिमा सिंह एवम् डॉ हेमन्त कुमार द्वारा विस्तार से भूगर्भ जल सम्पदा एवम् इसके संरक्षण के विषय में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो॰ एम॰ ए॰ गौरी ने भूगर्भीय जल संरक्षण एवम् इसकी उपयोगिता तथा रिचार्ज हेतु छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ॰ निशा वर्मा ने किया। इस अवसर पर डॉ नीत बिहारी लाल डॉ वन्दना राठौर, डॉ अवतार दीक्षित तथा डॉ विजय कुमार तिवारी उपस्थित रहे।

O/C

प्राचार्य

---

दिनांक - 26/07/2018

भूजल सप्ताह (दिनांक 16/07/18 से 22/07/18 तक)

राजकीय महाविद्यालय, बिलासपुर में दिनांक 16 जुलाई 2018 से 22 जुलाई 2018 तक भू-जल सप्ताह मनाया गया जिसके अन्तर्गत दिनांक 20 जुलाई 2018 को महाविद्यालय में एक गोष्ठी एवम् 21 जुलाई 2018 को एक निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया गोष्ठी में छात्र-छात्राओं को भू-गर्भ जल संरक्षण का महत्व बताया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा भूगर्भ जल की उपयोगिता एवम् इसके गिरते स्तर के सम्बन्ध में अपने विचार व्यक्त किये, गोष्ठी में बी एस सी II. के छात्र रिजवान द्वारा रेन वाटर हार्वेस्टिंग को चित्र के माध्यम से छात्र-छात्राओं को समझाया गया। प्राध्यापक वर्ग द्वारा प्रादेशिक स्तर पर भू-गर्भ जल विभाग की स्थापना इसके कार्यों एवम् भू गर्भ जल सम्पदा के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। प्रदूषित तथा कम होते हुये भू-गर्भ जल स्तर को सुधारने हेतु आवश्यक जानकारी दी गई।

भूजल सप्ताह के अन्तर्गत दिनांक 21 जुलाई 2018 को महाविद्यालय में एक निबन्ध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसका शीर्षक था "भू-गर्भ जल सम्पदा का महत्व। निबन्ध प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में रिजवान (B.Sc II) प्रथम, चेतना व स्वाति (B.Sc II) तथा मंदीप (B.Sc II) तृतीय स्थान पर रहीं।

डॉ निशा वर्मा

---

दिनांकः 19.07.2018

# आवश्यक सूचना

**राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर, रामपुर**

**भू जल सप्ताह (16 जुलाई– 22 जुलाई 2018)**

**गोष्ठी दिनांक 20.07.2018**

**शीर्षक ''भूगर्भ जल सम्पदा का महत्व''**

प्राचार्य

डॉ0 निशा वर्मा
डॉ0 हेमन्त कुमार
डॉ0 शिव ओम शर्मा

---

दिनांकः 09.01.2019

## राजकीय महाविद्यालय, बिलासपुर, रामपुर (उ0प्र0)

# आवश्यक सूचना

**राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर) के समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि ''कुम्भ मेला 2019'' के प्रचार–प्रसार हेतु महाविद्यालय में दिनांक 11.01.2019 से निम्नलिखित कार्यक्रम होना प्रस्तावित हैः–**

1. सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा कार्यक्रम
2. रोवर्स–रेंजर्स
3. बैनर/पोस्टर प्रतियोगिता
4. सेमिनार/वर्कशॉप

सभी कार्यक्रमों में कुम्भ मेला–2019 का 'लोगो' लगाना सुनिश्चित करें। उक्त कार्यक्रमों में अधिक से अधिक छात्र/छात्राएँ प्रतिभाग करें।

विभाग प्रभारी

---

दिनांकः 18.06.2019

## राजकीय महाविद्यालय, बिलासपुर, रामपुर (उ0प्र0)

# आवश्यक सूचना

**महाविद्यालय में अध्ययनरत् समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि पंचम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम जैसेः– योग–उत्सव, सेमिनार, वर्कशॉप एवं अन्य सांस्कृतिक का आयोजन किया जायेगा और पंचम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2019 के अवसर पर योग प्रदर्शन कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। यह कार्यक्रम प्रातः 07:00 बजे से आरम्भ होगा। सभी अभ्यर्थियों की उपस्थिति अनिवार्य है।**

विभाग प्रभारी

दिनांकः 07.10.2020

# आवश्यक सूचना

महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि महर्षि वाल्मीकि जयन्ती के उपलक्ष्य में एक निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शीर्षक ''महर्षि वाल्मीकि का जीवन परिचय'' है। अतः इच्छुक छात्र/छात्रा दिनांक 28.10.2020 तक अधिकतम 4 पेज में उक्त विषय पर निबन्ध लिखकर डॉ0 हेमन्त कुमार, असि0 प्रो0 गणित तथा डॉ0 दिव्यांशु कुमार सिंह, असि0 प्रो0 भौतिक विज्ञान के पास जमा कर दें।

डॉ0 दिव्यांशु कुमार सिंह
आयोजन सचिव

डॉ0 हेमन्त कुमार
संयोजक

प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव
प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
बिलासपुर (रामपुर)।



## राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर

जनपद-रामपुर (उ0प्र0)

पत्रांकः 213 / 2018–19 दिनांकः 24.10.2018

प्रेषक,

प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय,
बिलासपुर (रामपुर)

सेवा में,

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
बरेली।

**विषयः– राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में महर्षि वाल्मीकि जयन्ती मनाये जाने के सम्बन्ध में।**

आज दिनांक 24.10.2018 को महाविद्यालय में महर्षि वाल्मीकि जयन्ती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 एम0 ए0 गौरी द्वारा वाल्मीकि जी के चित्र पर माल्यार्पण के उपरान्त डॉ0 बी0 नाज़ द्वारा वाल्मीकि जी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। डॉ0 शिवओम शर्मा द्वारा रामायण महाकाव्य एवं उसकी शिक्षाओं पर सारगर्भित व्याख्यान दिया गया। बी0कॉम0 के छात्र तौसीफ एवं छात्रा छोटी द्वारा वाल्मीकि जी के जीवन पर विचार व्यक्त किये गये।

डॉ0 पी0के0 गर्ग, डॉ0 हेमन्त कुमार, डॉ0 नीत बिहारी लाल एवं डॉ0 दिव्यांशु कुमार सिंह द्वारा वाल्मीकि जी के जीवन, वाल्मीकि रामायण एवं इसकी शिक्षाओं की वर्तमान में प्रासंगिकता पर विस्तार से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं छात्र/छात्राऐं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अन्त में महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा रामायण के नैतिक आदर्शों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी गयी।

भवदीय,

O/C

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर
रामपुर।

## राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर

जनपद-रामपुर (उ0प्र0)

पत्रांकः ...... / 2018–19 दिनांकः 24.10.2018

### प्रेस–विज्ञप्ति

सेवा में,

सम्पादक महोदय,
दैनिक..............................................

**विषयः– राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में महर्षि वाल्मीकि जयन्ती मनाये जाने के सम्बन्ध में।**

आज दिनांक 24.10.2018 को महाविद्यालय में महर्षि वाल्मीकि जयन्ती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 एम0 ए0 गौरी द्वारा वाल्मीकि जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। डॉ0 पी0के0 गर्ग, डॉ0 बी0 नाज़, डॉ0 शिवओम शर्मा, डॉ0 हेमन्त कुमार, डॉ0 नीत बिहारी लाल एवं डॉ0 दिव्यांशु कुमार सिंह द्वारा वाल्मीकि जी के जीवन एवं उनकी कालजयी कृति रामायण पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर सभी प्राध्यापक एवं छात्र/छात्राऐं उपस्थित रहे।

भवदीय,

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर
रामपुर।

## स्वतंत्रता दिवस




महाविद्यालय में 15 अगस्त 2019 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव जी ने प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पश्चात् राष्ट्रगान हुआ तत्पश्चात् माननीया शिक्षा निदेशक के संदेश का वाचन समारोहक डॉ0 अब्दुल लतीफ ने किया।

जश्ने आज़ादी के मौके पर महाविद्यालय द्वारा सैनिक सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। महाविद्यालय के कैमिस्ट्री हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सैनिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर देशभक्ति गीत, गज़ल एवं भाषण के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया गया। सैनिक सम्मान समारोह के अन्तर्गत कारगिल शहीद एवं उनके परिजन भूतपूर्व सैनिक, स्वतंत्रता सेनानी, उच्च कोटि के समाज सेवी शिक्षाविद् आदि को महाविद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कैप्टन प्रकाश सिंह चौहान, कैप्टन कश्मीर सिंह, हवलदार चोखेलाल, हवलदार हितेश सक्सैना, हवलदार जसपाल सिंह, हवलदार अबरार अहमद, भूतपूर्व सैनिक हरवंश अरोड़ा, योगेश कुमार, कैप्टन कुलवंत सिंह, भूतपूर्व सैनिक गुरपाल सिंह आदि भूतपूर्व सैनिकों को महाविद्यालय के प्राचार्य ने स्मृति चिह्न एवं शॉल उड़ाकर सम्मानित किया और उनके अदम्य साहस सेवा की सराहना की।

इस अवसर पर बोलते हुये महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0)आर0 पी0 यादव ने कहा कि आज पूरा देश स्वतंत्रता की 73वीं वर्षगांठ मना रहा है। हमें यह आज़ादी बहुत मुश्किल से मिली है। हज़ारों की तादाद में हमारे वीर सैनिक शहीद हो गये। आज उन्हीं स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देने के लिए हम यहां एकत्र हुये हैं। हमें जाति, धर्म सम्प्रदाय से उपर उठकर अपने देश और राष्ट्र को मज़बूत बनाने में अपना अहम योगदान देना चाहिए।

इस अवसर पर प्रो0 आई0 बी0 महापात्र, डॉ0 पी0के0 गर्ग, डॉ0 नीलिमा सिंह, डॉ0 निशा वर्मा, डॉ० हेमन्त कुमार, डॉ० नीत बिहारी लाल, डॉ0 अवतार दीक्षित, डॉ0 शिवओम शर्मा, डॉ0 दिव्यांशु कुमार सिंह, डॉ० वन्दना राठौर आदि उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के समारोहक डॉ0 अब्दुल लतीफ ने किया।



नीलिमा सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## आगामी कार्यक्रम

- दिनांक 23–29 जनवरी 2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर (दिन–रात) का आयोजन।
- दिनांक 11–12 फरवरी 2020 को 23वाँ वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आयोजन।
- दिनांक 14–15 फरवरी को 2020 को युवा महोत्सव 'पहल' का आयोजन।
- दिनांक 19 फरवरी 2020 को वार्षिक अंलकरण समारोह का आयोजन।
- दिनांक 29–30 मार्च 2020 को राष्ट्रीय सेमिनार **Vision of New India : A Comprehensive Perspective** का आयोजन।

## राष्ट्रीय एकता दिवस

**(सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती)**

दिनांक 31.10.2019 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं छात्र/छात्राओं द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर डॉ0 पी0के0 गर्ग ने राष्ट्रीय एकता में सरदार बल्लभ भाई पटेल की भूमिका एवं डॉ0 नीत बिहारी लाल ने सरदार बल्लभ भाई पटेल से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं पर अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र–छात्राऐं उपस्थित रहें।

## शिक्षक दिवस



दिनांक 05 सितम्बर, 2019 को राजकीय स्ना0 महाविद्यालय, बिलासपुर में 'शिक्षक दिवस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव जी द्वारा देश के दूसरे राष्ट्रपति डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्ण जी के चित्र पर माल्यर्पण करके किया गया। इस अवसर पर बोलते हुये प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव जी ने कहा कि बच्चे के जीवन में सबसे बड़ा योगदान माँ का होता है और उसके बाद बच्चे में जो संस्कार छूट जाते हैं उसे शिक्षक पूरा करता है। उन्होंने शिक्षक दिवस पर राज्य सरकार द्वारा सम्मानित होने वाले सभी शिक्षकों को बधाई दी। राज्य सरकार द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण छात्र/छात्राओं को रसायन विज्ञान हॉल में प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। राज्य–सरकार द्वारा ''सरस्वती एवं शिक्षक श्री'' पुरस्कार से शिक्षकों को सम्मानित होते देख छात्र/छात्राओं के चेहरे खिल गये। इस अवसर पर श्री विवके शर्मा द्वारा महाविद्यालय के सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के समारोहक डॉ0 अब्दुल लतीफ द्वारा किया गया।

**Perspective का आयोजन।**

## कौमी एकता सप्ताह

दिनांक 19–25 नवम्बर 2019 को राजकीय स्ना० महाविद्यालय बिलासपुर में कौमी एकता सप्ताह का आयोजन किया गया। कौमी एकता सप्ताह के अन्तर्गत रैली, भाषण, निबन्ध, पोस्टर/चार्ट, नारा लेखन आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कौमी एकता सप्ताह के प्रथम दिन महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर आई0वी0 महापात्र ने कौमी एकता पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा राष्ट्रीय सन्दर्भ में कौमी एकता के महत्व को समझाया। कार्यक्रम के अन्त में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० (डॉ0) आर0पी0 यादव जी द्वारा महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को कौमी एकता के रूप में एकजुट रहकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कौमी एकता सप्ताह के अन्तिम दिन महाविद्यालय के प्राचार्य ने विजयी छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया।

| संरक्षक | प्रधान सम्पादक | सम्पादक मण्डल |
|---|---|---|
| प्रो० (डॉ०) आर० पी० यादव<br>प्राचार्य | डॉ० अब्दुल लतीफ़ | डॉ० नीत बिहारी लाल (सह-सम्पादक)<br>डॉ० निशा वर्मा, डॉ० अवतार दीक्षित |

## सम्पादक की कलम से...



हमारे लिए यह बड़ी गर्व की बात है कि महाविद्यालय में प्राचार्य की कमान एक ऐसे व्यक्ति के हाथ में है जिसका अपना एक 'विज़न' है और उस 'विजन' को धरातल पर उतारना उनका उद्देश्य है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो (डॉ०) आर०पी० यादव जी की प्रगतिवादी सोच और उनकी दूरदृष्टि का ही परिणाम है कि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर) 'न्यूज़ बुलेटिन' का पहला अंक लेकर आप सभी के समक्ष उपस्थित है।

किसी भी संस्था के लिए 'न्यूज बुलेटिन' उसका दर्पण होता है जिसमें वह स्वयं की छवि देखकर अपनी उपलब्धियों एवं खामियों का अवलोकन कर भविष्य की रूपरेखा तैयार करता है। इसमें कोई शक नहीं है कि महाविद्यालय, प्राचार्य जी के दिशा–निर्देशन में प्रगति के नये–नये शिखर छू रहा है। महाविद्यालय न केवल शिक्षण के क्षेत्र में बल्कि शिक्षणेत्तर गतिविधियों में भी अपना एक अहम मुकाम रखता है। गत जुलाई माह से दिसम्बर

## पर्यावरण संरक्षण




दिनांक 11.07.2019 को राजकीय स्ना० महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर) में माननीय मुख्यमंत्री जी के वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय में वृहद स्तर पर 15, 20, 22 जुलाई एवं 09 अगस्त को महाविद्यालय में क्रोटन, सहजन, गुड़हल, ड्रासीना, कोयलियास, अशोक, रात की रानी, चाँदनी, एवं सिलीपिंग हेवीसकस आदि पौधे रोपित किये गये। वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव ने छात्र/छात्राओं एवं प्राध्यापकों को पर्यावरण सम्बंधी शपथ दिलाई।

महाविद्यालय के सभी छात्र/छात्राओं, प्रध्यापकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने पर्यावरण, पेड़–पौधों के रोपण, उनके संरक्षण वन्य जीवों एवं पशु–पक्षियों के साथ–साथ अपने आस–पास स्वच्छता रखने की शपथ ली। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव ने छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा – आज पर्यावरण की समस्या विश्व के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। इसके लिए अंधाधुंध विकास, वनों की कटाई, मानव की प्रकृति के प्रति उपेक्षा की भावना जिम्मेदार है। पर्यावरण प्रभारी डॉ0 निशा वर्मा ने विश्व में बढ रहे औद्योगीकरण की वजह से ग्रीन हाउस गैस की मात्रा एवं नदियों के प्रदूषण पर चिन्ता व्यक्त की।

## विश्व पर्यावरण दिवस




दिनांक 05 जून 2020 को महाविद्यालय के पर्यावरण क्लब द्वारा कोरोना काल में लॉकडाउन अवधि में छात्र/छात्राओं को अपने घरों या आस–पास पौधें लगाने का आह्वान किया गया। महाविद्यालय के छात्र/छात्रायें लॉकडाउन अवधि में अपने घर पर पौधे रोपित करते हुये।

| संरक्षक | प्रधान सम्पादक |
|---|---|
| प्रो० (डॉ०) आर० पी० यादव<br>प्राचार्य | डॉ० अब्दुल लतीफ़ |

# न्यूज़ बुलेटिन

(NEWS BULLETIN)

वर्ष : 2 | अंक : 3 |01 जुलाई – 31 दिसम्बर 2020

## राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर, (रामपुर) उ०प्र०

स्थापना वर्ष :1997

Certified ISO : 9001:2015 ISO

### प्राचार्य की कलम से...



रामपुर जनपद की तहसील बिलासपुर में स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर) उ.प्र., कई दशकों से उत्तम शैक्षणिक वातावरण के साथ देश व प्रदेश के छात्र छात्राओं को शिक्षित कर उनको मानवता और नैतिकता के गुणों से परिपूर्ण कर रहा है। राजकीय महाविद्यालय कार्य कौशल को अधतन आयामों के साथ प्रस्तुत करने वाला वह चैतन्य चैत्य है जहां विद्यार्थी और शिक्षक सब एक दूसरे के अद्वितिय व्यवहार और चरित्र के अनुगामी और अनुकर्ता हैं। हमारा राजकीय महाविद्यालय मात्र ईट और गारे की निर्जीव इमारत भर नहीं है बल्कि जीवन जागरण का एक रश्मि पुरुष है। इसके साथ ही इस न्यूज बुलेटिन के माध्यम से मैं छात्र–छात्राओं को ध्यान गीता की इस पंक्ति '**श्रद्धावान लभते ज्ञानम्....**' की ओर आकर्षित कराते हुए उन्हें संदेश देना चाहता हूँ कि समाज में व्याप्त विसंगतियों और कुरीतियों के कारण जो समाज में विद्वेष और असंतोष पनप रहा है उसका एकमात्र हल उनके श्रद्धावान हुए बिना नहीं हो सकता है क्योंकि जब तक उनके अंदर अपने

### स्वंतन्त्रता दिवस समारोह ( 15 अगस्त 2020 )







राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर) में भारतीय स्वाधीनता के 74 वे पावन पर्व पर प्राचार्य (प्रो०)डॉ०आर०पी० यादव जी द्वारा ध्वजारोहण किया गया और राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय परिसर में उपस्थित प्राध्यापकों, कर्मचारियो,छात्र–छात्राओं के साथ सामाजिक दूरी का पालन करते हुए कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समारोहक डॉ० अब्दुल लतीफ द्वारा निदेशक, उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश प्रयागराज के संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो०,(डॉ०) आर० पी० यादव जी ने कहा कि आज देश को आजाद हुए 74 वर्ष हो गए लेकिन आज भी हमारे देश मे सदूर ग्रामीण अंचलों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। सरकार विकास के लिये पर्याप्त धन दे रही है, लेकिन व्यवस्था की खामी के कारण वह धन वहाँ तक नही पहुँच रहा है। इस कमी को दूर करने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने कोरोना महामारी से बचाव, साफ–सफाई, सामाजिक दूरी के साथ आरोग्य सेतु एवं आरोग्य कवच को प्रत्येक छात्र–छात्रा से डाउनलोड करने की अपील की। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान भी आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय परिसर में फलदार एवं फूलदार पौधों का रोपण किया गया। महाविद्यालय द्वारा इस अवसर पर ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसका विषय **शिक्षा जगत में नैतिकता एवं सामाजिक सरोकार की आवश्यकता था**। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रोहित गंगवार एवं महेंद्र सिंह रहे। द्वितीय स्थान पर राजकुमार रस्तोगी एवं तृतीय स्थान पर प्रतिभा मौर्य रही। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ०) आर, पी, यादव जी ने सभी विजयी प्रतिभागिओ को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन समारोहक डॉ० अब्दुल लतीफ़ द्वारा किया गया।

### पर्यावरण क्लब द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम

---

राजकीय स्नातकोत्तर महावि

प्राचार्य

### गणतन्त्र दिवस समारोह

दिनांक 26 जनवरी 2020 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर (रामपुर) में 71 वां गणतन्त्र दिवस समारोह पूरे जोश–खरोश से मनाया गया। प्रातः 10 बजे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० (डॉ०) आर०पी० यादव जी ने ध्वजारोहण किया तत्पाश्चात् राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। गणतन्त्र दिवस के इस शुभअवसर पर समारोहक डॉ० अब्दुल लतीफ़ द्वारा माननीया उच्च–शिक्षा निदेशक, प्रयागराज के सन्देश का वाचन किया गया। माननीय जिलाधिकारी महोदय के संदेश का वाचन डॉ० नीलिमा सिंह ने किया। गणतन्त्र दिवस के इस शुभ अवसर पर महाविद्यालय ने कक्षाओं में अधिक उपस्थित रहने वाले छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत किया, साथ ही महाविद्यालय के प्राध्यापकों को भी इस अवसर पर पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। इस शुभअवसर पर बोलते हुये महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० (डॉ०) आर० पी० यादव ने कहा कि हमारे संविधान को लागू हुये 70 वर्ष हो गये। इन 70 वर्षों में हमारे देश ने बहुत कुछ पाया है। हमारे देश की अनेक उपलब्धियाँ है लेकिन कुछ समस्याएँ भी है। हमें उन समस्याएँ से ऊपर उठना है। उन्होंने सभी छात्र/छात्राओं एवं प्राध्यापकों को गणतन्त्र दिवस की शुभ कामनाएँ दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।



2015-2016

(2) दिनांक 02 अक्टूबर 2015 को गांधी जयंती के अवसर पर हिन्दी परिषद की ओर से गांधी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विद्वानों ने प्रकाश डाला छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर कविता पाठ किया। जिसका परिणाम निम्नवत रहा। इसमें 11 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग

प्रथम — पूनम गंगवार, बी०ए० I
द्वितीय — नगमा बी०, बी०ए० II
तृतीय — निदा खानम, बी०ए० III

(3) दिनांक 10.11.15 को हिन्दी परिषद की ओर से स्नातकोत्तर स्तर पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय था — "हिन्दी राष्ट्रीय एकता की कड़ी है।" इस प्रतियोगिता के का परिणाम निम्नवत रहा।

प्रथम → अजीम अली, B-A II
द्वितीय → सन्तराम, B-A I
तृतीय → निशा, B.A. III

इस प्रतियोगिता में 15 छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

## महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती (दिनांक 02 अक्टूबर 2020)




राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर) में आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 151 वीं जयंती एवं देश के दूसरे प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर महाविद्यालय में स्टॉफ क्लब के तत्वावधान में महाविद्यालय में प्रातः 8:45 बजे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव जी द्वारा ध्वजारोहण किया गया तत्तपश्चात् राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव जी द्वारा सत्य, अंहिसा और स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। राष्ट्रीय सेवा योजना रोवर्स–रेंजर्स एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा वृक्षारोपण एवं श्रमदान भी किया गया। प्रातः 9:00 बजे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकों, अतिथियों एवं छात्र/छात्राओं द्वारा महात्मा गांधी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र का अनावरण किया गया और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। इस अवसर पर महाविद्यालय में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें गीता का पाठ डॉ0 शिवओम शर्मा, कुरान शरीफ का पाठ डॉ0 अब्दुल लतीफ, बाईबिल का पाठ–डॉ0 हेमेन्त कुमार एवं गुरूवाणी का पाठ छात्र सुखविन्दर सिंह द्वारा किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के व्यक्तित्व एवं कृतिव्य पर वक्ताओं द्वारा प्रकाश डाला गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव जी ने कहा कि भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महानामक, सत्याग्रह तथा अंहिसा आन्दोलन के जनक, भारत की राजनैतिक, सामाजिक एकता व समरसता के सूत्रधार एवं आधुनिक राष्ट्र के स्वप्न को साकार रूप प्रदान करने वाले महात्मा गांधी जी का जन्मदिन उनके आदर्शों, सिद्धान्तों व सद्विचारों के प्रति समर्पित होने का अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर उन्होंने छात्र/छात्राओं एवं अभिभावकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में अमूल चूल परिवर्तनों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ० अब्दुल लतीफ़ ने कहा कि वैश्विक स्तर पर व्याप्त हिंसा, मतभेद, वेरोजगारी, मँहगाई तथा तनावपूर्ण वातावरण में आज बार–बार यह प्रश्न उठाया जा रहा है कि गांधीजी के सत्य–अहिंसा पर आधारित दर्शन और विचारों की कितनी प्रासंगिकता है। जैसे–जैसे विश्व हिंसा, आर्थिक मंदी, भूख, बेरोजगारी और नफरत जैसे तमाम हालात में उलझता जा रहा है, वैसे–वैसे दुनिया को न केवल गांधी के दर्शन याद आ रहे हैं बल्कि गांधी दर्शन को आत्मसात करने की आवश्यकता भी बड़ी सिद्धान्त से महसूस की जा रही है।



डॉ0 नीलिमा सिंह ने इस अवसर पर लिंग समानता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज महिला और पुरूष में कोई भेद नहीं हैं, सब एक समान हैं। आज महिलाओं ने प्रत्येक क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बनाई है और हमारी राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार इस दिशा में अनेक कार्य कर रहे हैं। डॉ0 निशा वर्मा ने गांधी जी का मिशन स्वच्छता एवं सौन्दर्य पर प्रकाश डाला। डॉ0 हेमन्त कुमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला इस अवसर पर महाविद्यालय द्वारा ऑनलाइन क्विज एवं निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय था–''**वर्तमान सन्दर्भ में गांधी जी के विचारों की प्रासंगिकता**''इस प्रतियोगिता में बी0ए0 प्रथम वर्ष के महेन्द्र सिंह ने प्रथम, बी0एस0सी0 तृतीय वर्ष की रंगोली तिवारी एवं आरीशा वेग ने द्वितीय एवं रोहित गंगवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सन्त्वना पुरस्कार गुरप्रीत सिंह को दिया गया। इस अवसर पर शहर से आए हुये अतिथियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के समारोहक एवं स्टॉफ क्लब के सचिव डॉ0 अब्दुल लतीफ ने किया।



## महात्मा गांधी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्मदिन




दिनांक 02 अक्टूबर 2019 को राजकीय स्ना0 महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर) में महात्मा गांधी जी की 150वी0 जयन्ती के अवसर पर प्रातः 08 बजे प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0पी0 यादव जी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम महात्मा गांधी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र का अनावरण किया एवं उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। महात्मा गांधी जी की 150वीं0 जयंती के अवसर पर महाविद्यालय के सभागार में 'सर्वधर्म प्रार्थना सभा' का आयोजन किया गया। डॉ0 अब्दुल लतीफ ने "कुरान शरीफ'' का, डॉ0 शिवओम शर्मा ने गीता का, डॉ0 आई0बी0 महापात्र ने बाईबिल एवं पूर्व सैनिक श्री कुलबन्त सिंह जी ने गुरूवाणी का पाठ किया। इसके बाद महाविद्यालय के विभिन्न प्राध्यापकों द्वारा महात्मा गांधी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन मूल्यों तथा उनके आदर्शों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के अन्त में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0पी0 यादव जी ने कहा कि वैश्विक स्तर पर व्याप्त हिंसा, मतभेद, बेरोजगारी, मँहगाई तथा तनावपूर्ण वातावरण में आज बार–बार यह प्रश्न उठाया जा रहा है कि गांधी जी के सत्य और अहिंसा पर आधारित दर्शन और विचारों की कितनी प्रासंगिकता महसूस की जा रही है। हमें महात्मा गांधी जी का जन्म दिन उनके आदर्शों, सिद्धान्तों एवं सद्विचारों के प्रति समर्पित होने का अवसर प्रदान करता है। अन्त में कार्यक्रम का समापन रामधुन से किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त शिक्षकगण, कार्यालय स्टॉफ एवं बड़ी संख्या में छात्र/छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के समारोहक डॉ0 अब्दुल लतीफ ने किया एवं धन्यवा ज्ञापित डॉ० हेमन्त कुमार ने किया।

## राष्ट्रीय एकता दिवस सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती (31 अक्टूबर 2020)

दिनांक 31–10–2020 को महाविद्यालय द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं छात्र–छात्राओं द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया ।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० (डॉ०) आर० पी० यादव ने राष्ट्रीय एकता में सरदार बल्लभ भाई पटेल की भूमिका एवं डॉ० अब्दुल लतीफ़ ने सरदार बल्लभ भाई पटेल से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं पर अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर महाविद्यालय द्वारा ऑन–लाइन निबन्ध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसका विषय था **"राष्ट्रीय एकीकरण में सरदार बल्लभ भाई पटेल का योगदान"**। इस प्रतियोगिता में बी०ए० तृतीय वर्ष के अजय यादव प्रथम, एम० ए० द्वितीय वर्ष की पूनम द्वितीय एवं एम०ए० द्वितीय वर्ष की प्रतिभा मौर्या तृतीय स्थान पर रहीं।

## माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर कार्यक्रम (17 सितम्बर 2020)



माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर, रामपुर मे पीपल के पौधों का रोपण ऑनलाइन किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली के कुलपति प्रोफेसर के पी सिंह एवं विशिष्ट अतिथि श्री अशोक श्रोती एवं डॉ० अंशुमाली शर्मा, कार्यक्रम समन्वयक डॉ० सोम पाल सिंह रहे। प्राचार्य प्रो० (डॉ०) आर.पी.यादव ने पीपल के वृक्षों का रोपण किया । इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ० शिवओम शर्मा, डॉ०पी के गर्ग, प्रो. आई बी महापात्र, डॉ० नीलिमा सिंह, डॉ०अब्दुल लतीफ, डॉ० निशा वर्मा, डॉ० हेमंत कुमार, डॉ० नीत विहारी लाल, डॉ० वंदना राठौर, डॉ० अवतार दीक्षित, डॉ० दिव्यांशु कुमार, श्री पी एस आनंद एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र/छात्राए उपस्थित रहे ।

# Matribhasha Diwas (Mother Language Day)

**राजकीय स्ना0 महाविद्यालय, बिलासपुर, रामपुर (उ0प्र0)**

**अन्तर्राष्ट्रीय भाषा सप्ताह**

**(21–28 फरवरी, 2021)**

उत्तर प्रदेश शासन के पत्रांक संख्या–399/सत्तर–4–2021 दिनांक 19.02.2021 के अनुपालन में महाविद्यालय में दिनांक 21–28 फरवरी, 2021 को अन्तर्राष्ट्रीय भाषा सप्ताह का आयोजन किया जायेगा। जिसके अन्तर्गत महाविद्यालय में निम्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएंगी। महाविद्यालय के समस्त छात्र/छात्राएँ निर्धारित तिथि एवं समय पर पहुँचकर निम्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

दिनांक : 23.02.2021 (मंगलवार) बौद्धिक गोष्ठी
विषयः– अन्तर्राष्ट्रीय मात्रभाषा दिवस, समय– 12:30 बजे। (कक्ष सं0–2)
दिनांक : 24.02.2021 (बुद्धवार) भाषण पतियोगिता
विषयः– मात्रभाषा का महत्व एवं आवश्यकता, समय– 12:00 बजे। (कक्ष सं0–2)
दिनांक : 25.02.2021 (वृहस्पतिवार) क्विज प्रतियोगिता
विषयः– क्विज, हिन्दी भाषा/मात्रभाषा पर आधारित होगी, समय– 12:00 बजे। (कक्ष सं0–2)
दिनांक : 26.02.2021 (शुक्रवार) निबन्ध प्रतियोगिता
विषयः– (1) मात्रभाषा में शिक्षा का महत्व (2) अन्तर्राष्ट्रीय मात्रभाषा दिवस और हिन्दी (3) मात्रभाषा आदमी के संस्कारों की संवाहक है।

*उपर्युक्त में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखकर दिनांक 01 मार्च, 2021 तक हिन्दी विभाग में जमा कर सकते हैं।*

पो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव
प्राचार्य

डॉ0 अब्दुल लतीफ
संयोजक

## लुप्तप्राय भाषाओं को बचाने के साथ दूसरी भाषाओं का भी सम्मान करना चाहिए : इंदुभूषण

### हिंदी विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा सप्ताह का हुआ आयोजन

रामपुर (मुजाहिद खान)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,बिलासपुर के हिंदी विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा सप्ताह का आयोजन किया गया।मुख्य वक्ता प्रो0 इंदुभूषण महापात्र ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के लिये मनाया जाता है। कहा कि दुनिया संस्कृतियो से भरी है।इसी कल्चरल डाइवर्सिटी को प्रमोट करने के लिये 21 फरवरी एक खास दिन है जो मातृभाषा की हिमायत करता है। इसका उद्देश्य दुनिया मे मौजूद अलग अलग भाषाओं को बढ़ावा देना है। आज जरूरत है भाषाओं के सरंक्षण एवं सम्बर्धन की।लुप्तप्राय भाषाओं को बचाने की।साथ ही हमे दूसरी भाषाओं का भी सम्मान करना चाहिए।



कार्यक्रम संयोजक डॉ अब्दुल लतीफ ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के लिये यूनेस्को द्वारा हर साल एक थीम निर्धारित की जाती है। इस दिन दुनिया भर में भाषा और संस्कृति से जुड़े अलग अलग तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। इस साल थीम है–शिक्षा और समाज के समावेश के लिए बहुभाषावाद को बढावा देना है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य दुनिया भर में अपनी भाषा एवं संस्कृति के प्रति लोगो मे रुझान पैदा करना एवं जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर डॉ0 नीलिमा सिंह, डॉ0निशा वर्मा,डॉ0 हेमन्त कुमार,डॉ0 नीत बिहारी लाल,डॉ0 अवतार दीक्षित, डॉ0 शिवओम शर्मा, डॉ0 वंदना राठौर, प्रो0दिव्यांशु कुमार सिंह सहित बड़ी तादाद में छात्र छात्राएं भी उपस्थित रहे।

## बिलासपुर डिग्री कालेज में मनाया गया मातृभाषा दिवस

रामपुर (विधान केसरी)। राजकीय बिलासपुर डिग्री कालेज में हिन्दी विभाग द्वारा अंर्तराष्ट्रीय मातृभाषा सप्ताह का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रो. इंदु भूषण महापात्र ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता हैं। दुनिया संस्कृतियों से भरी हैं इसी संस्कृति को प्रमोट करने के लिए 21 फरवरी को एक खास दिन के रूप में मनाते हैं। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दुनिया में मौजूद अलग-अलग भाषाओं को बढ़ावा देना हैं। कार्यक्रम संयोजक डा. अब्दुल लतीफ ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के लिए युनेस्को द्वारा हर साल एक थीम निर्धारित की जाती हैं। इस दिन



दुनियाभर में भाषा और संस्कृति से जुडे अलग-अलग तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इस साल इसका थीम शिक्षा और समाज के समावेश के लिए बहुभाषावाद को बढ़ावा देना हैं। इस दिन को मनाने का उद्देश्य दुनियाभर में अपनी भाषा एवं संस्कृति के प्रति लोगों में रूझान पैदा करना और जागरूकता फैलाना हैं साथ ही लुप्त होती मातृभाषा को सम्मान देना भी इस दिवस का उद्देश्य हैं। इस मौके पर डा. नीलिमा सिंह, डा. निशा वर्मा, डा. हेमंत कुमार, डा. नीत बिहारी लाल, डा. अवतार दीक्षित, डा. शिव ओम शर्मा, डा. वंदना राठौर, प्रो. दिव्यांशु कुमार सिंह आदि मौजूद थे।






**आयोजन** | कुआंखेड़ा स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संगोष्ठी

# मातृभाषाओं का परस्पर सम्मान करना चाहिए

**अमर भारती संवाददाता**

**बिलासपुरः** क्षेत्र के कुआंखेड़ा स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता प्रो. इंदुभूषण महापात्रा ने कहा कि पूरे विश्व में सभी मातृ भाषाओं का परस्पर सम्मान होना चाहिए।

यह संगोष्ठी महाविद्यालय में मंगलवार को हिंदी विभाग के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित की गई थी। प्रो.महापात्रा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पूरे विश्व में बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। इससे सांस्कृतिक विविधता को भी बढ़ावा मिलता है। मातृभाषा के माध्यम से ही क्षेत्रीय भाषाओं को समझने में मदद मिलती है तथा संवाद व संप्रेषण की भूमिका सरल हो जाती है। इसी के साथ भाषाओं के संरक्षण, संबर्धन तथा लुप्तता को बचाने की मुहिम भी पूरी होती है। कार्य म के संयोजक हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. अब्दुल लतीफ ने कहा कि भाषा के प्रति जागरूकता व बौद्धिक रूझान से ही यह लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। संगोष्ठी में डॉ. नीलिमा सिंह, डॉ.अवतार दीक्षित, डॉ. शिवओम शर्मा, डॉ. हेमंत कुमार, डॉ. वंदना राठौर, डॉ. नीत बिहारी लाल, डॉ. डीके सिंह, डॉ. निशा वर्मा आदि ने भी विचार रखे। बड़ी संख्या में छात्र व छात्राएं मौजूद रहीं।



बिलासपुर डिग्री कॉलेज में आयोजित संगोष्ठी में बोलते वक्ता — अमर भारती

---

दैनिक अमर आनंद
सच्चाई का आईना
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्ष– 01 अंक–117 मुरादाबाद, बुधवार 24 फरवरी 2021 पृष्ठ– 08 मूल्यः 2.00 रूपया

# अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा सप्ताह के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**संवाददाता अमर आनंद**

रामपुर (मुजाहिद खान)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा सप्ताह के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें मातृभाषा, राजभाषा एवं राष्ट्रभाषा पर आधारित प्रश्न पूछे गए।साथ ही इतिहास विभाग द्वारा भी क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्राचीन इतिहास,मध्यकालीन इतिहास एवं आधुनिक इतिहास पर आध ारित प्रश्न पूछे गए।

प्रचार्य डॉ आर पी यादव ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं छात्र छात्राओं को भविष्य में होने वाली प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं के लिए मानसिक रूप से तैयार करते हैं। साथ ही छात्र छात्राओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में प्रतियोगिताओ में शामिल होने को कहा और प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र–छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर प्रतियोगिता के



संयोजक डॉ अब्दुल लतीफ,डॉ नीत बिहारी लाल,प्रोफेसर इंदु भूषण महापात्र, डॉ नीलम सिंह, डॉ निशा वर्मा, डॉ हेमंत कुमार, डॉ शिवओम शर्मा, डॉ अवतार दीक्षित, डॉ वन्दना राठौर और सी के सिंह आदि उपस्थित रहे।